ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-10-2020

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2020-10-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2020-10-24	2020-10-25	2020-10-26	2020-10-27	2020-10-28
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	33.0	32.0	32.0	33.0
न्यूनतम तापमान(से.)	20.0	20.0	19.0	19.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	51	50	52	53	50
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	14	16	17	18	17
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	10.0	12.0	10.0	7.0
पवन दिशा (डिग्री)	90	70	50	70	160
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले पांच दिनों में वर्षा नहीं होने की सम्भावना ।

सामान्य सलाहकार:

जौ की बुवाई के लिए उन्नत बीजो की व्यवस्था करें तथा खेत तैयार करें। आर.डी-2794, आर.डी-2052, आर.डी-2035, आर.डी-57, आर.डी-31, आर.डी-103, आर.डी-2552, आर.डी-2715 व बिलाडा-2 उन्नत किस्में है।

लघु संदेश सलाहकार:

मैथी की फसल के लिए आर.एम.टी-1 व आर.एम.टी-305 उन्नत किस्मों की बुवाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों/राया की बुवाई का समय है | पूसा सरसों-25, पूसा सरसों-26, पूसा सरसों-27, एन.आर.सी.एच.बी-101, सी.एच-52, टी-59, आर.एच-30, बायो-902, जी.एम-2 व आर.एच-819 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई के लिए 4-5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। बुवाई के समय 30 किलो नत्रजन व 30 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दें। मोयला की रोकथाम के लिए बीज को इमिडाक्लोप्रिड 600 एफ.एस. @ 9 मिली. प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। फसल को सफेद रोली रोग के प्रकोप से बचाने के लिए बीज को मेटालेक्सिल 35 एस.डी 6 ग्राम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करें।
चना	चने की बुवाई का समय है । सी-235, आर.एस.जी-44, आर.एस.जी-888, आर.एस.जी-896, जी.एन.जी-1488, आर.एस.जी-974, जी.एन.जी-1958 व जी.एन.जी-663 उन्नत किस्मों की बुवाई करें।
लहसुन	लहसुन की यमुना सफेद, लावा, मलेवा व स्थानीय किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 5 कुन्तल कलियां प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। बुवाई के समय कतार से कतार की दूरी 15 सेन्टीमीटर तथा पौधे से पौधे की दूरी 7-8 सेन्टीमीटर रखें।
टमाटर	टमाटर की पौध की रोपाई के लिए खेत तैयार करें। पौध रोपाई से पूर्व 60 किलो नत्रजन, 80 किलो फास्फोरस एंव 60 किलो पोटाश प्रति हैक्टेयर के हिसाब से खेत की अन्तिम जुताई के समय दें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मेंथी	मैथी की फसल के लिए आर.एम.टी-1 व आर.एम.टी-305 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 20-25 किलो बीज की प्रति हैक्टेयर के लिए आवश्यकता होती है। 40 किलो नत्रजन व 40 फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई से पूर्व खेत मे दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	इस समय मौसम परिवर्तनशील रहने के कारण पशुओं को रात के समय छप्पर में बांधे।